Title: Need to look into the ill effect of flouride contaminated water on health of people of Nanded district of Maharashtra -Laid.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली) : मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र हिंगोली के नादेड जिले के किनवट एवं भौकर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 40 गांव ऐसे गांव हैं जहां के पानी में फ्लोराइड मिला हुआ है जिसके कारण यह पानी पीने से गांव के सभी लोग विकलांग हो रहे हैं और पशु कई बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इन सब कारणों से यहां के लोगों में दहशत है और यहां के लोगों का स्वास्थ्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। यहां के लोगों को अपने घर और खेती-बाड़ी को छोड़कर दूसरे क्षेत्रों में जाना पड़ रहा है। महाराट्र सरकार कहती है कि यह केन्द्र सरकार को देखना है और हमारे पास कोई इसका बजट नहीं है। सरकार को पायलट प्रोजैक्ट योजना के अंतर्गत काम पूरे भारत के 63 गांवों में करना था जो नहीं हुआ है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस समस्या के निवारण हेतू केन्द्र स्तर पर शीघ्र कार्यवाही की जाये और लोगों को मौत के मुंह से बचाया जाए।